# आकाशवाणी शिमला

**13.08.2024** **1945 बजे**

## " मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर दिया बल—किसानों से रसायन मुक्त खेती पद्धति अपनाने का आग्रह।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने साईबर अपराध से सुरक्षित रहने के लिए लोगों को शिक्षित व जागरूक करने की बताई जरूरत।
- सांसद सिकंदर कुमार ने हिमाचल के विकासात्मक व जनहित से जुड़े मुद्दों का समाधान करने का केन्द्र से किया आग्रह।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर के टापरी में विश्व के पहले जियो थर्मल तकनीक से बनने वाले सी.ए. स्टोर की रखी आधारशिला।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर बल देते हुए किसानों से रसायन मुक्त खेती की पद्धति अपनाने का आग्रह किया है। शिमला में आज कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पादों की विशिष्ट ट्रेडमार्क के तहत ब्रांडिंग की जाए ताकि किसानों को उनकी उपज के बेहतर दाम मिल सकें। मुख्यमंत्री ने उत्पादों के प्रमाणीकरण के लिए व्यापक तंत्र विकसित करने और राज्य में मिट्टी की जांच के लिए विशेष लैब स्थापित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 70 फीसदी आबादी खेतीबाड़ी से जुड़ी हुई है और सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में कृषि और जल शक्ति विभाग, जाइका व शिवा परियोजनाओं के सहयोग से एकीकृत सिंचाई योजनाओं को क्रियान्वित करेगा, ताकि किसानों को अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जाइका के तहत

गेहूं और मक्का के भंडारण के लिए साइलो स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। बैठक में कृषि मंत्री चंद्र कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**राज्यपाल–भेंट**

पुलिस उप महानिरीक्षक मोहित चावला ने आज राजभवन शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की और उन्हें राज्य में साइबर अपराध की स्थिति के बारे में अवगत करवाया। राज्यपाल ने प्रदेश में साइबर अपराध के मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। शिव प्रताप शुक्ल ने साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने पर बल देते हुए कहा कि प्रदेश के नागरिकों को इस संबंध में बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने साइबर अपराध से सुरक्षित रहने के लिए लोगों को शिक्षित व जागरूक करने पर भी बल दिया। राज्यपाल ने कहा कि साइबर अपराध से जुड़े मामलों की जांच करने वाले पुलिस कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वे ऐसे मामलों को प्रभावी तरीके से निपटा सकें। उन्होंने साइबर अपराध को रोकने लिए साइबर अपराध टीम द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की। इस अवसर पर मोहित चावला ने राज्यपाल को बताया कि इस वर्ष अब तक साइबर पुलिस थानों में 83 मामले दर्ज किए गए हैं और 8 हजार 2 सौ 90 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में साइबर अपराध से निपटने के लिए साइबर कमांडो का गठन किया जा रहा है और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल में एकीकृत किया गया है।

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने केन्द्र सरकार से हिमाचल प्रदेश में विभिन्न विकासात्मक कार्यों को जल्द पूरा करने और जनहित से जुड़े मुद्दों का

समाधान प्रमुखता से करने का आग्रह किया है। सिकंदर कुमार ने कहा कि संसद के बजट सत्र के दौरान उन्होंने प्रदेश से जुड़े 37 सवाल संसद में उठाए और प्रदेश से संबंधित अहम मामलों पर केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए इनके क्रियान्वयन की मांग की। सिकन्दर कुमार ने कहा कि हिमाचल का सांसद होने के नाते प्रदेश हित से जुड़े मुद्दों को वे हमेशा संसद में उठाते रहेंगे।

**हर्षवर्धन**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने औद्योगिक क्षेत्र बद्दी, औद्योगिक एस्टेट दावनी और प्रदेश के अन्य स्थानों पर भूखंडों की नीलामी के लिए ई–ऑक्शन पद्धति को लागू करने पर बल दिया है। शिमला में आज राज्य औद्योगिक विकास निगम के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता व दक्षता लाना है। हषवर्धन चौहान ने वित्त वर्ष 2023–24 में निगम के 10 करोड़ 25 लाख रूपए के शुद्ध लाभ पर भी संतोष जताया।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिले के टापरी में विश्व के पहले जियो थर्मल तकनीक से बनने वाले सी.ए. स्टोर की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस सी.ए. स्टोर से जिले के बागवानों को सस्ती दरों पर भण्डारण की सुविधा उपलब्ध होगी। जगत सिंह नेगी ने कहा कि आईसलैंड व प्रदेश सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया जिसके बाद इस सी.ए. स्टोर की आधारशिला रखी गई है। बागवानी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश सहित जनजातीय क्षेत्रों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इस अवसर पर आईसलैंड के एमबैसडर सहित जियो थर्मल के वैज्ञानिक और अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## राजेश धर्माणी

नगर नियोजन व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने जाठिया देवी में माउंटेन टाउनशिप विकसित करने संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए हिमुडा के अधिकारियों को प्रथम चरण में उपलब्ध भूमि पर तत्काल कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आज एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने भूमि हस्तांतरण के संबंध में जिले के अधिकारियों के साथ समन्वय करने के निर्देश भी दिए। राजेश धर्माणी ने कहा कि परियोजना का कार्य शुरू करते समय हरित पहल पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

## आयकर आयुक्त

भारतीय राजस्व सेवा के 1990 बैच के अधिकारी सुनील वर्मा ने शिमला के मुख्य आयकर आयुक्त का कार्यभार सम्भाल लिया है। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, दिल्ली कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार सुनील वर्मा ने कल शिमला में मुख्य आयकर आयुक्त का कार्यभार ग्रहण किया। सुनील वर्मा लाहौल–स्पिति ज़िला के निवासी हैं और वे पदोन्नति से पूर्व शिमला में ही बतौर प्रधान आयकर आयुक्त कार्यरत थे। उन्होंने आयकर विभाग के विभिन्न पदों पर रहते हुए देश के अलग–अलग स्थानों में अपनी सेवाएं दी हैं।

## स्वतंत्रता दिवस

78वें स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह कांगड़ा ज़िला में देहरा विधानसभा क्षेत्र के भुवनेश डोगरा स्टेडियम में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करेंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सोलन में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शिमला के रिज मैदान पर ज़िला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसी तरह अन्य जिला मुख्यालयों पर भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए जाएंगे।

## संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को सम्बोधित करेंगी। उनका यह सम्बोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम 7 बजे से प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति का संबोधन दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिन्दी में और उसके बाद अंग्रेज़ी में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद रात 8 बजे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगें।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति के संबोधन को देखते हुए कल प्रादेशिक समाचार बुलेटिन सांय 7 बजकर 45 मिनट के स्थान पर 6 बजकर 30 मिनट पर प्रसारित होगा।

## गोमा

आयुष व खेलमंत्री यादविन्द्र गोमा ने कहा है कि शिक्षा प्रणाली में खेल गतिविधियों के आयोजन से विद्यार्थियों के जीवन में सामाजिक व्यवहार के साथ–साथ बेहतर अनुशासन की भावना आती है। जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टम्बर में आयोजित खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उन्होंने ये विचार व्यक्त किए। यादविन्द्र गोमा ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के दूरदराज इलाकों में पढ़ रहे बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत्त है।

## तिरंगा

हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार उत्तर सांस्कृतिक क्षेत्र केंद्र पटियाला और भाषा व संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शिमला स्थित ऐतिहासिक गेयटी थियेटर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान तिरंगा शपथ भी दिलाई गई और बाद में सीटीओ चौक से एजी चौक तक शिमला जिला के सौ से अधिक लोक कलाकारों व रंगमंच के कलाकारों के माध्यम से तिरंगा यात्रा निकाली गई।

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर दिया बल–किसानों से रसायन मुक्त खेती पद्धति अपनाने का आग्रह।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने साईबर अपराध से सुरक्षित रहने के लिए लोगों को शिक्षित व जागरूक करने की बताई जरूरत।
- सांसद सिकंदर कुमार ने हिमाचल के विकासात्मक व जनहित से जुड़े मुद्दों का समाधान करने का केन्द्र से किया आग्रह।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर के टापरी में विश्व के पहले जियो थर्मल तकनीक से बनने वाले सी.ए. स्टोर की रखी आधारशिला।